


## एक नजर में

### मुख्य टिकिट निरीक्षक यादव को मिला डीआरएम अवार्ड



**नागदा जं. निप्र।** शहर के निवासी उज्जैन रेल्वे स्टेशन पर पदस्थ मुख्य टिकिट निरीक्षक अशोक यादव को एक बार फिर श्रेष्ठ कर्मचारी का अवार्ड दिया गया। इस बार यादव को डीआरएम अवार्ड से रतलाम में डीआरएम अश्विनी कुमार सीनियर डीसीएम, हिना केवल रमाणी और अपर मण्डल प्रबंधक कुंजीलाल मीणा ने सम्मानित किया। यादव उज्जैन रेल्वे स्टेशन स्कवार्ड चेकिंग के प्रभारी है। उन्हें यह अवार्ड उज्जैन स्कवार्ड में जुलाई माह में सबसे अधिक राजस्व के मामले में दिया गया। इसके अलावा यादव को घर से भागे बच्चे व बिछडे परिजनों को मिलाने पर भी सम्मानित किया गया। इसके पूर्व भी यादव को मुम्बई में डीआरएम, सीसीएम सहित 8 बार अवार्ड मिल चुके हैं। यादव की इस उपलब्धि पर उनके ईष्ट मित्रों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।

### फुले का जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया



**महिदपुर।** सायंकाल बिरसा अंबेडकर फुले समाज कल्याण समिति द्वारा नारायणा रोड स्थित डॉ. बी आर अम्बेडकर मांगलिक भवन में शिक्षा की देवी माता सावित्री बाई फूले का जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया एवं उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के उपाध्यक्ष विक्रम सिंह सोलंकी ने की एवं आभार समिति के सदस्य नरेंद्र परमार ने माना। उक्त कार्यक्रम में समाज के कई प्रबुद्धजन उपस्थित रहें जिनमे बंटी माली, महेश माली, राहुल वाघेला, अनिल दावरे, डॉ. जगदीश परमार, पूनमचन्द फुलपागरे, बालू सिंह वर्मा, सलोनी परमार, नगजी परिहार, भीम गोयल, अजय सोलंकी, यशराज परमार जिन्होंने माता सावित्री बाई फुले के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। समिति के सद्स्य बालूसिह वर्मा द्वारा बालिका शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए सावित्रि बाई फुले निः शुल्क कोचिंग संस्थान की शुरुआत करने की बात रखी जिसे समिति के सदस्य और उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा सहर्ष स्वीकार किया गया। उक्त जानकारी समिति के सचिव सुरेश दामेचा द्वारा दी गई।

### भव्य हिन्दू सम्मेलन को लेकर कार्यालय का शुभारंभ

**महिदपुर।** 10 जनवरी को होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन के पावन उद्देश्य को लेकर केशव बस्ती में कार्यालय का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं हिंदू चेतना के भाव के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यालय सनातन धर्म की गरिमा, संगठन की एकता एवं राष्ट्रधर्म के संकल्प का सशक्त केंद्र बनेगा। हम सब एकजुट होकर इस सम्मेलन को ऐतिहासिक रूप प्रदान करने का संकल्प लेते हुवे 10 जनवरी शनिवार को समय 3 बजे से भव्य हिंदू सम्मेलन में सम्मिलित होने के लिए केशव बस्ती जिसमें पटवारी कॉलोनी लक्ष्मी कॉलोनी एवं गायत्री कॉलोनी के सभी सनातनी लोगों को भाग लेने हेतु निमंत्रण देकर सम्मेलन को भव्य रूप प्रदान करने की अपील संयोजक कैलाशचन्द्र ठाकुर, सह संयोजक विष्णु मालवीय, निधि प्रमुख डॉ. राजेश मेहता ने की है। यह जानकारी हिंदू समिति संयोजक कैलाश चंद ठाकुर ने दी।

### हिन्दू सम्मलेन 7 को

**घट्टिया।** हिन्दू जागरण को नई ऊर्जा देने व चेतना प्रदान करने की भावना को लेकर, हिन्दू समाज सनातन संस्कृति, सनातन धर्म एवं समाजिक एकता के प्रतीक हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 7 जनवरी बुधवार को लवखेड़ी हनुमानजी मन्दिर प्रांगण में आयोजित होगा। बुधवार दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हो रहे सम्मेलन में संतो व अन्य वक्ताओं के उद्बोधन होंगे। हिन्दू सम्मलेन आयोजन समिति प्रतापनगर मंडल ने समग्र हिन्दू समाज से आयोजन में सम्मिलित होने का आव्हान किया।

### फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया

**बड़नगर।** विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या ने निकाय के जलयंत्रालय विभाग अंतर्गत पंपिग स्टेशन, इनटेकवेल, फिल्टर प्लांट निर्माणाधीन टंकी, स्वीमिंग पूल एवं इन्डोर स्टेडियम का निरीक्षण किया गया। निर्माणाधीन स्वीमिंग पूल एवं इनडोर स्टेडियम समयावधी में गुणवत्ता पूर्वक शीघ्र ही पूर्ण किए जाने एवं पाले पर स्थित पंपिग स्टेशन, इनटेकवेल बिल्डींग जो लगभग 75 वर्ष पुरानी होने से नवीन बिल्डिंग कर्मचारी आवास सहित बनाए जाने के लिए तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, पार्षद प्रतिनिधि शांतिलाल गोखरू, वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप राठौड, मांगीलाल हारोड एवं सहायक यंत्री मनोज घोष, विनोद पोरवाल उपयंत्री आदि उपस्थित थे।

### श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर का होगा जीर्णोद्धार

**खाचरौद।** समीप गांव मडावदा में स्थित प्राचीन श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर जर्जर होकर क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसका जीर्णोद्धार समस्त ग्रामवासियों द्वारा सहयोग से किया जाएगा। जिसको लेकर गांव में समस्त राशि एकत्रीकरण की पत्रिका का वितरण घर-घर जाकर बड़ी संख्या में ग्रामवासियों द्वारा किया गया। जानकारी के अनुसार मंदिर निर्माण का भूमि पूजन व नींव रखने का मुहूर्त 24 अप्रैल निर्धारित किया गया है। मंदिर लगभग 300 वर्ष पुराना बताया जा रहा है निर्माण की लागत लगभग 2 करोड रुपए अधिक होगी। गांव से सर्व समाज के हर घर से राशि एकत्रित की जाएगी।

### ठिठुरन बढ़ी, घना कोहरा छाया, आधी जगह स्ट्रीट लाइट बंद, वाहन चलाने में परेशानी

**घट्टिया।** लगातार तीन तीन दिन से ठण्ड अपना प्रकोप दिखा रही है। दिनभर घना कोहरा छाया रहता है। दिन में कभी-कभी 5-10 मिनट के धूप निकलती है। शुक्रवार से ही मौसम में अचानक परिवर्तन आया व ठिठुरन बढ़ने लगी, इसी के चलते शनिवार शाम से ही घना कोहरा छाने लगा जो रविवार दिनभर जारी रहा। दिन में कुछ देर के लिए धूप निकली व पुनः शाम से घना कोहरा छाने लगा। कोहरे के कारण वाहन चालको को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा 5 फीट दूर देखना भी मुश्किल हो रहा था। तेज ठण्ड के चलते लोग घरों में दुबके रहे व अलाव तापते व ठण्ड से बचाव के जतन करते नजर आए। उज्जैन आगर झालावाड़ नेशनल हाईवे पर लगी स्ट्रीट लाइट भी आधी जगहो पर बंद पड़ी है, घना कोहरा होने के कारण सड़क पर देखना मुश्किल हो रहा था।

### दिल्ली में हुआ उज्जैन के डॉ. दिल्लीवाल का सम्मान



**उज्जैन।** दिल्ली में आयोजित समारोह में उज्जैन के प्रतिष्ठित पीरियोडॉन्टिस्ट डॉ. हितेश दिल्लीवाल को दंत चिकित्सा के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं, समर्पण एवं असाधारण योगदान के लिए आउटस्टैंडिंग एक्सीलेंस इन द फील्ड ऑफ पीरियोडोंटोलॉजी मध्यप्रदेश सम्मान से अलंकृत किया गया। डॉ. दिल्लीवाल को यह गौरवपूर्ण सम्मान प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री के द्वारा प्रदान किया गया। डॉ. दिल्लीवाल को मिला यह सम्मान सेवा, समर्पण का सम्मान है। यह सम्मान गर्व के साथ प्रेरणा का है।

# प्रकाश पर्व पर महिदपुर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**▸ विशाल नगर कीर्तन ने बांधा समां**



**महिदपुर।** दशमेश पिता धन-धन श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज का 359वां प्रकाश पर्व महिदपुर नगर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर स्थानीय गुरुद्वारा साहब में लड़ीवार साहिब पाठ का आयोजन किया गया। जिसकी समाप्ति 5 जनवरी को हुई। पाठ की समाप्ति के उपरांत कथा-कीर्तन एवं गुरु का अटूट लंगर आयोजित किया गया।

प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 28 दिसंबर से प्रभात फेरी का आयोजन प्रारंभ हुआ, जिसका समापन 3 जनवरी को हुआ। इसी क्रम में 4 जनवरी रविवार को विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहब से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ पुनः गुरुद्वारा साहब पहुंचा। नगर कीर्तन में कोटा से आए वीर खालसा गतका अखाड़े द्वारा शानदार एवं रोमांचक प्रदर्शन किया गया। जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। नगरवासियों एवं सर्व समाज द्वारा विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया गया। नगर कीर्तन की समाप्ति के पश्चात संगत के लिए गुरु का अटूट लंगर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर भाई प्रताप सिंह द्वारा मधुर कीर्तन के माध्यम से संगत को निहाल किया गया।

गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान सरदार सतपाल सिंह गांधी ने बताया कि प्रकाश पर्व के आयोजन का उद्देश्य गुरु साहिब की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। वहीं संस्था के प्रवक्ता सरदार गुरप्रीत सिंह दुआ ने संगत एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज का जीवन त्याग, साहस और मानवता की प्रेरणा देता है।

## बेटा बनकर वृद्ध आश्रम में रहने वाली गीता बाई को दी मुखाग्नि

**▸ नगर पालिका परिषद नागदा ने निभाया मानवता और संवेदनाओं का धर्म**

**नागदा जं. निप्र।** नगर पालिका परिषद नागदा द्वारा संचालित अटल वृद्ध आश्रम में निवासरत वृद्धा श्रीमती गीता बाई पति दयाराम (उम्र लगभग 75 वर्ष) का गत रात्रि आकस्मिक निधन हो गया। गीता बाई वर्ष 14 जनवरी 2013 को वृद्ध आश्रम की स्थापना के साथ ही यहाँ निवास कर रही थीं। उनके परिवार में कोई भी जीवित सदस्य न होने के कारण उनकी संपूर्ण देखभाल नगर पालिका परिषद द्वारा ही की जा रही थी।

ज्ञात है कि विगत कुछ दिनों से वृद्धावस्था के कारण उनका स्वास्थ्य लगातार खराब चल रहा था। इसी के चलते उन्हें नागदा के जनसेवा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। समय-समय पर नगर पालिका अध्यक्ष संतोष ओ.पी. गेहलोत एवं उनकी टीम द्वारा उनका उपचार एवं देखरेख करवाई जाती रही, किंतु दुर्भाग्यवश गत रात्रि उनका देहांत हो गया।

गीता बाई के निधन की सूचना मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष संतोष ओपी गेहलोत के निर्देशानुसार नगर पालिका के सांसद प्रतिनिधि ओपी गेहलोत ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए उनका बेटा बनकर अंतिम संस्कार करने का निर्णय लिया। प्रातः लगभग 11 बजे नगर पालिका सांसद प्रतिनिधि ओपी गेहलोत एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष सुभाषचंद्र शर्मा द्वारा वृद्ध आश्रम पहुँचकर गीता बाई को माला, वस्त्र एवं साल ओढ़ाकर श्रद्धापूर्वक अंतिम विदाई दी गई। इसके पश्चात उन्हें कंधा देकर शव वाहन में बैठाया गया तथा विधिवत अंतिम यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मुक्तिधाम तक निकाली गई। अंतिम यात्रा के दौरान नगरवासियों ने नम आँखों से गीता बाई को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुक्तिधाम पर एक पुत्र द्वारा जिस प्रकार माँ की अंतिम क्रियाएँ संपन्न की जाती हैं, उसी भाव और विधिवत हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार सभी क्रियाकर्म संपन्न कर ओ.पी. गेहलोत द्वारा मुखाग्नि दी गई।

## उज्जैन की टीम द्वारा नागदा में फिल्टर प्लांट का औचक निरीक्षण

**नागदा जं. निप्र।** संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग उज्जैन संभाग एवं अधीक्षण यंत्री नगरीय प्रशासन उज्जैन संभाग द्वारा नगर पालिका नागदा क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 5.1.2026 सोमवार को निरीक्षण किया गया। जिसमें पहले से नगर पालिका अध्यक्ष संतोष ओपी गेहलोत के निर्देशानुसार एवं प्रकाश जैन सभापति के निरीक्षण में क्षतिग्रस्त एवं खुले नलों की टोटी एवं पाइपलाइन लीकेज सुधार हेतु किये जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया गया साथ ही चंबल नदी स्थित फिल्टर प्लांट का भी निरीक्षण उज्जैन की टीम द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ रवि गुप्ता, सहायक यंत्री रवि मंडलोई और उप यंत्री हर्षित माथुर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा फिल्टर प्लांट एवं कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे जल शुद्धिकरण कार्य पर संतुष्टि जताते हुए कुछ और विशेष सुधार कार्य एवं जल के परीक्षण रिपोर्ट को उच्च लेब में भेजने एवं प्रति 15 दिन बाद रिपोर्ट को अन्य लेब से जांच कर क्रास जांच रिपोर्ट हेतु कहा गया है।

## मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं वर्कशॉप विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन

**नागदा जं. निप्र। शासकीय महाविद्यालय नागदा, रूपेटा में सोमवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीबी रेड्डी की अध्यक्षता में मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं वर्कशॉप शीर्षक पर एक दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

शासकीय महाविद्यालय नागदा में ऑनलाइन कार्यशाला का यह आयोजन देश के सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एनटीएफ (नेशनल टास्क फोर्स) के निर्देशों के परिपालन में विद्यार्थियों एवं प्राध्यापक दोनों के लिए किया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञों के रूप में डॉ. यशवंत रेड्डी (एमडी, पैथोलॉजी, गवर्नमेंट कॉलेज काकीनाडा, आंधप्रदेश) और डॉ. अपूर्वा रेड्डी (एमडी, कम्युनिटी मेडिसिन, ईएसआई हॉस्पिटल, चेन्नई) ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की और छात्रों व शिक्षकों को तनाव और अवसाद से निपटने के व्यावहारिक उपाय बताए। डॉ अपूर्वा ने बताया कि विद्यार्थियों को अपना पाठ्यक्रम सत्र के प्रारंभ से ही पढ़ना शुरू कर देना चाहिए ताकि सत्र के समापन में होने वाली परीक्षा के समय अपने वाले मानसिक दवाब से खुद को बचाया जा सके। डॉ यशवंत रेड्डी ने बताया कि स्टूडेंट्स अपनी कोई भी समस्या या अंतर्द्वंद्ध अपने तक सीमित न रखें बल्कि परिवार या भरोसेमंद व्यक्ति से जरूर साझा करें ऐसा करने से आप तनावमुक्त जीवन जी सकेंगे। कार्यशाला में बड़ी संख्या छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक जुड़े।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीबी रेड्डी ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पूरे महाविद्यालय परिवार को बधाई दी। डॉ. सुनील प्रसाद ने विशेषज्ञों का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन के नोडल अधिकारी डॉ. के सी मिश्रा ने बताया कि एनटीएफ (नेशनल टास्क फोर्स) सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एक बॉडी है, जो देश भर के उच्च शिक्षा संस्थानों में चार प्रकार के सर्वे आयोजित कर रही है। एनटीएफ द्वारा स्टूडेंट्स, अभिभावक, शिक्षक और संस्थान इन चारों स्टेकहोल्डर से फीडबैक लिया जा रहा है। महाविद्यालय में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का ऑनलाइन सर्वे पूरा किया जा चुका है। महाविद्यालय में डॉ. शिव शंकर पटेल, समाजशास्त्र विभाग, को परामर्शदाता के रूप में नियुक्त किया गया है।

> एनटीएफ के निर्देशन में ही महाविद्यालय में एक पोस्टर तैयार कर महाविद्यालय की दीवार में चस्पा किया गया है, जिसमें विद्यार्थियों से किसी भी मानसिक तनाव संबंधी पूछताछ के लिए हैल्पलाइन नंबर, प्राचार्य का मोबाइल, परामर्शदाता एवं नोडल अधिकारी का संपर्क नंबर दिया गया है। विद्यार्थी इनमें से किसी भी नंबर पर अपनी समस्याओं को साझा कर सकते हैं उनकी समस्यानों का निराकरण उनका नाम गोपनीय रखते हुए किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में भी एनटीएफ के दिशा-निर्देशों के अनुसार ऐसे वर्कशॉप समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## स्वयं की 12 बीघा निजी भूमि मध्य प्रदेश सरकार को दान दे कर स्कूल खुलवाया ग्रामीण शिक्षा के अग्रदूत बने : डॉ .पंड्या

**बड़नगर।** स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय ठाकुर चंपालाल भाईजी की 46 वीं पुण्यतिथि अखिल भारतीय औदिच्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण पटेल के मुख्यातिथ्य में मां भवानी वेयर हाउस पर मनाई गई। विशेष अतिथि के रूप में डॉ .राकेश पंड्या उज्जैन, भूपेंद्रसिंह पंड्या पूर्व सरपंच सोहड़, करणसिंह पंड्या पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन बड़नगर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा निवृत शिक्षक ओमप्रकाश पंड्या ने की। प्रारंभ में अतिथियों ने भाईजी के चित्र पर पुष्प माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण पटेल एवं सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के प्रोफेसर राकेश पंड्या को डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर उपस्थित गणमान्यजनों ने मालवा की परंपरा अनुसार साफ़ा बांध कर पुष्प मालाओं से स्वागत किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि भाईजी जैसे महापुरुष आज बहुत कम देखने को मिलते हैं। देश को स्वतंत्र कराने में इन लोगों का अहम योगदान रहा है। इन्होंने गांव गांव आजादी की अलख जगाई। साथ ही आप 20 वर्षों तक निर्विरोध गांव के प्रधान पद पर आसीन रहे और उस समय गांव के विकास का मार्ग प्रशस्त किया। वही डॉ.राकेश पंड्या ने कहा कि भाईजी साहब जैसी पुण्य आत्मा का जन्म बहुत ही कम होता है। आप शिक्षा के प्रति बहुत ही संवेदनशील रहे और सन 1952 में मिडिल स्कूल खुलवाने हेतु स्वयं की 12 बीघा निजी भूमि सरकार को दान दे स्कूल खुलवाया और स्कूल बनवा कर ग्रामीण शिक्षा के अग्रदूत बने। उसी का परिणाम रहा कि शिवराज सरकार में शिक्षा मंत्री रहे पारसचंद्र जैन ने तत्कालीन विधायक मुकेश पंड्या के साथ मिलकर शासन की योजना अनुसार उक्त स्कूल का नाम कारण स्वर्गीय ठाकुर चंपालाल भाईजी शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करा। आज की नई पीढ़ी को इन लोगों के त्याग, तपस्या से प्रेरणा ग्रहण करना चाहिए। इस अवसर पर भेरूलाल पटेल अध्यक्ष औदिच्य ब्राह्मण समाज बड़नगर, रमेशचंद्र शर्मा, वासुदेव रावल पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, नवलसिंह पटेल पूर्व अध्यक्ष औदिच्य ब्राह्मण समाज बड़नगर, गोवर्धनसिंह पटेल मनियावदा, ऐडवोकेट दिलीपसिंह पंड्या रतलाम, सवाईसिंह पटेल, बद्रीलाल आचार्य, रामेश्वर व्यास आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच देवनारायण व्यास, मधुसूदन भारद्वाज अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस बड़नगर, तरुण आचार्य पार्षद प्रतिनिधि, एडवोकेट विश्वास पंड्या, नारायणसिंह पंड्या प्रबंधक सेवा सहकारी संस्था, अनिल पंड्या, विमल पंड्या अध्यक्ष चारभुजानाथ मंदिर, अरविंद शर्मा, शैलेंद्र भारद्वाज, प्रवीण कुमार पंड्या, प्रद्युम् पंड्या, सुनील भारद्वाज आदि गणमान्यजन उपस्थित थे।

## प्रतिमा की पूजा के साथ चरित्र की पूजा से बनेगा हिंदू राष्ट्र : साध्वी हेमलता

**खाचरौद।** नगर में संघ शताब्दी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर आक्याजागीर के चांपानेर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन मुख्यवक्ता उज्जैन की राष्ट्रीय प्रवक्ता हेमलता दीदी ने कहा कि जब तक हम जाती प्रथा और कुरीतियों में बंटे रहेंगे तब तक हमारे देश के टुकड़े होते रहेंगे। हमें सामाजिक समरसता का भाव लेकर एकता का मंत्र अपनाना होगा। लव जिहाद आयाम के प्रांत प्रेरक प्रमुख दीपिका सिंह डोडिया ने कहा कि आज कॉलेज में पढ़ने वाली लड़कियों को लव जिहाद का शिकार बनाया जाता हे सोशल मीडिया पर वर्ग विशेष के लोग हिन्दू लड़कियों को बहला फुसलाकर अपना शिकार बनाते है और धर्म परिवर्तन करने के लिए प्रताड़ित करते है। कुटुंभ प्रबोधन प्रमुख श्यामचरण शर्मा ने भी संबोधन दिया। कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर स्वामी विवेकानंद स्कूल के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी उन्हें सम्मानित भी किया।



## महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान आयोजित

**घट्टिया।** स्व. नागूलाल मालवीय शासकीय महाविद्यालय में नेशनल टास्क फोर्स के अंतर्गत उमंग कार्यक्रम के तहत मेंटल हेल्थ क्लब सारथी का गठन किया गया। विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं समग्र विकास को सुनिश्चित करने हेतु समय-समय पर महाविद्यालय द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया जाता है। इसी के अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पुलकित्ता आनंद की अध्यक्षता में सिमरन अग्रवाल संगत के माध्यम से महाविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन किया गया। सिमरन अग्रवाल ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसमें विद्यार्थियों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य को लेकर व पढ़ाई से संबंधित उत्पन्न मानसिक दबाव के बारे में प्रश्न किए गए। अग्रवाल ने विस्तृत जानकारी के माध्यम से उत्तर देते हुए विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के ज्यादा संपर्क में ना रहने व ध्यान और योगासन करने के महत्व बताये व कहा कि एकाग्रता से आपका सकारात्मक पक्ष मजबूत होगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## ईंट भट्टों को संचालित करने हेतु प्रजापत समाज द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को दिया ज्ञापन

**नागदा जं. निप्र। अनुवांशिक कुम्हार अनुसुचित जाति के लिये ईंट भट्टो के संचालन की अनुमति के लिये प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को दिया गया।**

ज्ञापन में बताया कि हम सभी लोग नागदा एवं आसपास के क्षेत्रों में ईंट बनाने का व्यवसाय करते है। यह हमारा पुश्तैनी व्यवसाय होकर हमारे परिवार के पालन पोषण का एकमात्र साधन है तथा हमारे ईंट भट्टों पर हमारे परिवार के साथ ही करीब 6000 मजदूरों को भी रोजगार देते है। म.प्र. शासन खनिज संसाधन विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश क्रमांक 19-1/2013/1(पार्ट) 10 अप्रैल 2013 एव पत्र क्रं. 7680 दिनांक 31 मई 2019 एवं पत्र क्रं. 4328 दिनांक 24 सितम्बर 2019 को प्रदेश में कुम्हार जाति के लोगो के लिये मिट्टी उत्खनन एवं परिवहन हेतु तहसीलदार द्वारा प्रमाणीकरण हेतु लेख किया गया है।

ज्ञापन में आगे बताया कि हमारा व्यवसाय मिट्टी का होकर (सीजनल) होने से पुरे वर्ष में केवल 6-7 माह ही चलता है। म.प्र. शासन के प्रावधान होने के बावजूद, 2 माह पूर्व आवेदन देने के बाद भी हमें अभी तक अनुमति नहीं दी जा रही है। जिसके कारण प्रजापत समाजजनो को ईंट भट्टो के संचालन में कई अड़चनों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही अपने परिवार का पालन पोषण करने में कठिनाई आ रही है।

> **झुठी शिकायत की जा रही है**
>
> ज्ञापन में यह भी बताया कि कुछ लोगों के द्वारा ईंट भट्टा संचालको के खिलाफ झुठी शिकायत की जा रही है जिस पर प्रशासन द्वारा हम पर प्रकरण बनाने की तैयारी में है। ज्ञापन में मांग की गई है कि हमारा पुश्तेनी व्यवसाय हमसे छिना नहीं जाये तथा हम सभी प्रजापति समाजजनो को बेरोजगार होने से बचाया जाय। ज्ञापन देने के बाद ईंट भट्टा संघ के अध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि अतिशीघ्र ईंट भट्टा संचालन की अनुमति नही दी तथा किसी भी ईंट व्यापारी पर प्रशासन कोई कार्यवाही अथवा ईंट भट्टा को बंद करने की कार्यवाही करता है तो हम सभी ईंट भट्टा संचालक भुख हड़ताल करेंगे।

**एक नजर** ▸ आचार्य राममूर्ति त्रिपाठी स्मरण प्रसंग एवं पूर्व आईजी डॉ. पन्नालाल की तीन कृतियों का लोकार्पण

## त्रिपाठी भारतीय काव्य शास्त्र के विद्वान् थे : शर्मा

**उज्जैन।** क्लैसिकी शोध संस्थान एवं मध्यप्रदेश लेखक संघ उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में आचार्य राममूर्ति त्रिपाठी स्मरण प्रसंग एवं पूर्व आईजी डॉ. पन्नालाल की तीन कृतियों का लोकार्पण महाश्वेतानगर में एक भव्य समारोह में हुआ। समारोह की अध्यक्षता करते हुए पूर्व कुलगुरु डॉ. मोहन गुप्त ने कहा कि जिसमें जैसी श्रद्धा होती है वह वैसा ही हो जाता है और त्रिपाठी ने अनौपचारिक आलोचना का सूत्रपात किया। आज उनके विचार यहीं पर स्थित होकर न रह जाए बल्कि अगली पीढ़ी को संक्रांत करके जाएं। सारस्वत अतिथि पूर्व कुलगुरु आचार्य डॉ. बालकृष्ण शर्मा ने कहा कि त्रिपाठी जी भारतीय काव्य शास्त्र के विद्वान् थे और आचार्यों की परंपरा में विलक्षण थे जो एक गहरी चिंतनधारा, परम्परा से जुड़े थे। विशेष अतिथि सम्राट विविवि कार्यपरिषद सदस्य राजेशसिंह शवाह ने कहा कि उज्जैन तपस्वियों और मनीषियों की नगरी रही है तथा उन्हें याद करना हमारा कर्तव्य है। प्रमुख वक्ता कुलानुशासक डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा ने कहा कि त्रिपाठी जी प्राचीन शास्त्रों के पुनर्व्याख्याकार थे और वे शब्द शक्ति एवं रस विचार के अप्रितम व्याख्याकार थे। पूर्व आईजी डॉ. पन्नालाल की तीन पुस्तकों का लोकार्पण करते हुए अतिथियों ने कहा कि इन पुस्तकों में डॉ. पन्नालाल के प्रशासनिक अनुभवों का निचोड़ है जिससे नए प्रशासनिक अधिकारियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। लेखक डॉ. पन्नालाल ने त्रिपाठी को स्मरण करते हुए उनकी सादगी और विद्वता कीं चर्चा की।




विषय प्रवर्तन मध्यप्रदेश लेखक संघ के अध्यक्ष आचार्य प्रो. हरिमोहन बुधौलिया ने करते हुए त्रिपाठी जी से जुड़े रोचक संस्मरण प्रस्तुत किए। आचार्य प्रो. शैलेन्द्र पाराशर, तुलसी मनवानी ने भी समारोह में अपने विचार व्यक्त किये। आरंभ में त्रिपाठी के चित्र पर माल्यार्पण और पं. राजेश रावल की सरस्वती वंदना से आयोजन आरम्भ हुआ। अतिथि स्वागत शाल एवं पुष्प माला से आचार्य हरिमोहन बुधौलिया द्वारा एवं मध्यप्रदेश लेखक संघ के सचिव डॉ. हरीशकुमार सिंह, प्रफुल्ल शुक्ल आदि ने किया।